भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
"खनिज भवन" भोपालपानी, देहरादून।

संख्या 5815 /उप0ख0(ईनि)-V/भू0खनि0निदेशा0/2024–25, दिनांक 18 दिसम्बर, 2024

तकनीकी निविदा का परिणाम

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4645/र0ख0लॉ0/ई0नी0/वि0का0ज्ञा0/भू0खनि0नि0/2024–25, दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 के द्वारा विज्ञापित जनपद देहरादून 07 लॉट के विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृत के क्रम में निदेशालय के पत्र संख्या 5244/उ0ख0/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2024–25, दिनांक 20 नवम्बर, 2024 के द्वारा नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से अधिक क्षेत्रफल हेतु भारत के नागरिक/नागरिकों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 10 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार दिनांक 21.11.2024 (वृहस्पतिवार) को निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 05.12.2024 (वृहस्पतिवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी।

निविदा समिति की संस्तुति दिनांक 05.12.2024 (वृहस्पतिवार) के अनुसार जनपद देहरादून के 07 उपखनिज लॉटों की दिनांक 05.12.2024 (वृहस्पतिवार) को खोली गयी ऑनलाईन तकनीकी निविदा में न्यूनतम 03 निविदाओं से कम निविदा प्राप्त 01 उपखनिज लॉट का विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	तहसील	ग्राम	नदी का नाम	क्षेत्र का विवरण	क्षेत्रफल (है0 में)	भूमि की श्रेणी	मात्रा (टन में)	तकनीकी निविदा में प्राप्त निविदाओं की संख्या
जनपद देहरादून								
1	विकास नगर	डाकपत्थर, नवाबगढ, मण्डीगंगमेवा एवं भीमावाला	यमुना नदी भाग 21/1/5	खसरा संख्या 396ठ रकवा 6.628 है0 खसरा सं0 986 रकवा 45.336 है0 खसरा संख्या 989ठ रकवा 98.368 है0 कुल रकवा 150.332 है0 उपलब्ध अवशेष क्षेत्रफल 20.00 है0	20.00	राजस्व	1080000	0

अतः उपरोक्तानुसार निविदा समिति की संस्तुति के अनुसार उपरोक्त वर्णित उपखनिज लॉट की दिनांक 05.12.2024 (वृहस्पतिवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में ऑनलाईन कोई निविदा प्राप्त न होने के कारण उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त किया जाता है तथा पुनः निविदा आमंत्रण हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

(राजपाल लेघा)
निदेशक

संख्या 5815 /उप0ख0(ईनि)-V/भू0खनि0निदेशा0/2024–25, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि :– प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

18/12/24

(राजपाल लेघा)
निदेशक